संगणकीय मॉडलिंग का अवलोकन विषय पर दो दिवसीय (04-05.08.2022) संगोष्ठी का विवरण

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन में कंप्यूटर विज्ञान और सूचना विज्ञान विभाग एवं श्री निवास रामानुजन गणित विभाग ने शाहपुर परिसर में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। समारोह में गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञानं स्कूल के अधिष्ठाता प्रोफेसर राकेश कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप चौकसे, मुख्य वक्ता एन.आई.टी. भोपाल से प्रोफेसर कमल राज परदसानी एवं एन.आई.टी. सूरत से प्रोफेसर नीरू अदलखा, तथा संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे | समारोह की शुरुआत गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञानं स्कूल के अधिष्ठाता प्रोफेसर राकेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने संगणकीय मॉडलिंग का अवलोकन विषय पर अपने विचार व्यक्त किये | उन्होंने कहा कि आज के शोधार्थियों के लिए संगणकीय मॉडलिंग शोध का एक महत्वपूर्ण विषय है। समारोह में कुल 8 सत्र का आयोजन हुआ |

पहले दिन, समारोह के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में प्रोफेसर कमल राज परदसानी ने “डेटा विज्ञान में वर्तमान रुझान और हालिया चुनौतियां” विषय पर भाषण दिया | उन्होंने अपने भाषण में बिग डाटा, डेटा माइनिंग, नैनो टेक्नोलॉजी एवं न्यूरल नेटवर्क जैसे अन्य कई विषयों को डाटा साइंस से जोड़ कर वर्तमान समय के कई समस्यायों का निदान बताया | उन्होंने डेटा विज्ञान में कई अन्य शोध विषयों और उनके समाधानों पर प्रकाश डाला | समारोह के तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में प्रोफेसर नीरू अदलखा ने “थर्मल जीव विज्ञान में संगणकीय मॉडल” विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये | उन्होंने थर्मल जीव विज्ञान के विभिन्न संगणकीय मॉडल का विस्तृत वर्णन किया | साथ ही कई शोध विषय जैसे कि बायो मेडिकल उद्योग, थर्मोग्राफी एवं हाइपरथेर्मिया पर बहुत सारे मॉडलिंग के उदहारण बताये |

दूसरे दिन की शुरुआत में, श्री जी के अदलखा द्वारा "सहज योग- आज का महायोग" विषय पर ध्यान सत्र का आयोजन किया। उन्होंने मानव शरीर के सभी चक्रों और नाड़ियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। प्रथम एवं द्वितीय सत्र में

प्रोफेसर कमल राज परसानी ने "न्यूरॉन सेल में कैल्शियम डिफ्यूजन का अध्ययन करने के लिए कम्प्यूटेशनल मॉडल" विषय पर व्याख्यान दिया।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन में किया गया आयोजन

संगणकीय मॉडलिंग का अवलोकन विषय पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

आम आदमी पार्टी का थामा दामन

संगणकीय मॉडलिंग का अवलोकन विषय पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग, श्री निवास रामानुजन गणित विभाग की ओर से संगोष्ठी

केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी के मार्गदर्शन में किया गया आयोजन

शोधार्थियों के लिए संगणकीय मॉडलिंग शोध का एक महत्वपूर्ण विषय : प्रो. राकेश

संगणकीय मॉडलिंग का अवलोकन विषय पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

तंत्रिका विज्ञान पर उभरते क्षेत्र में विभिन्न मॉडलों पर की चर्चा

शारीरिक समावेश के बारे में विचार किए साझा

संगणकीय मॉडलिंग का अवलोकन विषय पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

धर्मशाला, 7 अगस्त (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर विज्ञान और सूचना विज्ञान विभाग एवं श्री निवास रामानुजन गणित विभाग ने 2 दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। समारोह में गणित, कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. राकेश कुमार, विभागाध्यक्ष डा. प्रदीप चौकसे, मुख्य वक्ता एन.आई.टी. भोपाल से प्रो. कमल राज परदसानी एवं एन.आई.टी. सूरत से प्रो. नीरू अदलखा तथा संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि शोधार्थियों के लिए संगणकीय मॉडलिंग शोध का महत्वपूर्ण विषय है। प्रो. कमल राज परदसानी ने डेटा विज्ञान में वर्तमान रुझान और हालिया चुनौतियों तथा प्रो. नीरू अदलखा ने थर्मल जीव विज्ञान के विभिन्न संगणकीय मॉडल का विस्तृत वर्णन किया।

अपने व्याख्यान में उन्होंने मुख्य रूप से तंत्रिका सूचना विज्ञान, तंत्रिका विज्ञान और रासायनिक गतिकी पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने न्यूरोइन्फॉर्मेटिक्स के तीन स्तंभों पर भी चर्चा की। उन्होंने तंत्रिका विज्ञान पर उभरते क्षेत्र में विभिन्न मॉडलों, वर्तमान रुझानों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में, प्रोफेसर नीरू अदलखा ने "गोलाकार अंगों में समान रूप से और गैर-समान रूप से परफ्यूसड ट्यूमर के कम्प्यूटेशनल मॉडल" विषय पर भाषण दिया। उन्होंने कम्प्यूटेशनल मॉडल में मॉडल व्युत्पत्तियों और शारीरिक समावेश के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने परिमित तत्व विधियों के अनुप्रयोगों पर भी प्रकाश डाला।

प्रोफेसर राकेश कुमार

विभागाध्यक्ष, श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग
Head Srinivasa Ramanujan Department of Mathematics
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
अस्थायी शैक्षणिक खण्ड/Temporary Academic Block
शाहपुर, काँगड़ा (हि॰प्र॰)/Shahpur, Kangra (H.P.)-176206